दिनांकः 09.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा आज–निर्वाचन आयोग करेगा प्रेस वार्ता।
- राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल खराबे के लिए 1 हजार 125 करोड़ रूपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण करने का निर्णय लिया।
- आईसीसी विश्व कप क्रिकेट में भारत ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया।

------------

भारत निर्वाचन आयोग राजस्थान सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा आज करेगा। आयोग दोपहर में नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन ऑडिटोरियम में इस संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करेगा। राजस्थान, मध्यप्रदेश, मिज़ोरम, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। गौरतलब है कि आयोग की घोषणा के बाद इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएगी।

------------

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाताओं में जागरुकता के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न तरीकों से लोगों को भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है। हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि इसी कड़ी में कल काश्तकारों और महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

------------

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राज्य की गहलोत सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि राजस्थान भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न के मामले में देश में अव्वल है। श्री प्रधान ने ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कल जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के कार्यकाल के पांच सालों में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में 19 बार पेपर लीक हुए, जो कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक दक्षता पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने बिजली कटौती पर भी राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि देश में सरप्लस बिजली होते हुए भी राजस्थान में अघोषित कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे मंहगी बिजली राजस्थान में है। श्री प्रधान ने कल जयपुर में पार्टी की संभाग स्तरीय बैठक में भी भाग लिया। इसके अलावा वे सोशल मीडिया वालंटियर संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी अपने चुनावी अभियान की शुरूआत जनता के अधिकारों की आवाज उठाकर करेगी। कल जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर को पार्टी की ओर से बारां में बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले हर जिले में मंडल स्तर पर जन जागरुकता के कार्यक्रम होंगे।

------------

राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल खराबे के लिए 1 हजार 125 करोड़ रूपए के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। किसानों को बाढ़, शीतलहर और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान के लिए इस राशि से एसडीआरएफ नियमों के तहत तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, 2 हजार 130 संवेदनशील स्थानों पर पोर्टेबल लाइटनिंग डिवाइस लगाने सहित विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। उधर, सरकार ने राज्य और जिला आयोगों तथा उपभोक्ता संरक्षण के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब जिला आयोगों के सदस्यों का मानदेय बढ़कर 44 हजार 500 रूपए और राज्य आयोग के सदस्यों का वेतनमान बढ़कर 55 हजार 500 रूपए हो जाएगा। डूंगरपुर के

बेणेश्वर धाम के विकास के लिए सौ करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी दी गयी है। इसके अनुसार, बेणेश्वर धाम में 3 चरणों में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। पहले चरण में करीब 45 करोड़ रुपए की लागत से आबूदर्रा घाट और अस्थि विसर्जन घाट के जीर्णोद्धार सहित धर्मशाला, सत्संग भवन, गौशाला, पार्किंग, शौचालय, पुलिस चौकी और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। दूसरे चरण में करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से ओंकार घाट का विस्तार, विश्राम गृह, प्रशासनिक भवन, धर्मशाला, रसोइयों का निर्माण, नौकायान की सुविधा, ईको पार्क के कार्य कराए जाएंगे। तीसरे चरण में टेंट सिटी और अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।

------------

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण करने का निर्णय लिया है। साथ ही एक हजार आठ सौ इक्यावन कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का भी कम्प्यूटरीकरण किया जाएगा। प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों के कम्प्यूटरीकरण योजना की तर्ज पर तेरह राज्यों में कार्यरत कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना पर करीब दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

------------

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जैंडर प्लेटफॉर्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक ने बताया कि यह सम्मेलन हाल ही में आयोजित हुए जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है।

------------

कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र में आज लगभग 233 करोड़ रुपए की विभिन्न सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नई दिल्ली से वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़कर आमजन को ये सौगात देंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-------------

दूदू जिले के मौजमाबाद थाना क्षेत्र में धमाणा गांव के पास कल देर शाम ट्रेलर और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार पिता–पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।
उधर, उदयपुर के गोगुंदा में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर ब्रेक फेल होने से सरसों के तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क पर चल रही 100 से ज्यादा भेड़ टैंकर की चपेट में आ गईं और उनकी मौत हो गई। हादसे में भेड़ों को लेकर जा रहे 2 गड़रिए भी घायल हो गए। उन्हें तुरंत शहर के एमबी अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक की हालत गंभीर है।

------------

आईसीसी विश्व कप क्रिकेट में भारत ने कल अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा दिया। चैन्नई में खेले गये मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 200 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में भारत ने 41 ओवर 2 गेंदों में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए। विराट कोहली ने 85 और केएल राहुल ने नाबाद 97 रन बनाकर भारत की जीत दर्ज कराने में अहम भूमिका निभाई। केएल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज न्यूजीलैंड का मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

------------